''अन्तर्राष्ट्रीय आर्ट ऑफ गीविंग'' की
पांचवीं वर्षगांठ 17 मई को : पूरे विश्व के कुल 80 देशों के
10मिलियन जरुरतमंद लोग डा सामंत के शुभ चिंतकों के
सौजन्य से ''प्यारभरे पैग''के रुप में भोजन करेंगे

15मई को कीट के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार कीट–कीस के संस्थापक एवं राज्यसभा सांसद डा अच्युत सामंत के जीवनदर्शन ''अन्तर्राष्ट्रीय आर्ट ऑफ गीविंग'' की पांचवीं वर्षगांठ 17 मई को पूरे विश्व में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। विज्ञप्ति के अनुसार उस दिन ओडिशा के कुल 314 प्रखण्डों के कुल लगभग 40लाख जरुरतमंद लोगों भोजन करेंगे वहीं विश्व के कुल 80 देशों के कुल 10मिलियन जरुरतमंद लोग डा सामंत के शुभ चिंतकों के सौजन्य से ''प्यार भरे पैग''के रुप में भोजन करेंगे।विज्ञप्ति में इस बात का भी उल्लेख है कि कीट–कीस के संस्थापक एवं राज्यसभा सांसद डा अच्युत सामंत का बाल्यकाल कठोरतम आर्थिक संकटों,परेशानियों,नफरतों और तिरस्कारों का बाल्यकाल रहा जिसे मिटाने के लिए और विश्व गरीबी उन्मूलन के लिए एवं विश्व में सामाजिक सौहार्द एवं शांति कायम करने के लिए डा सामंत ने 17मई,2013 को ''आर्ट आफ गीविंग''नामक अपने जीवन दर्शन को आरंभ किया। आज यह सामाजिक आंदोलन अन्तर्राष्ट्रीय आकर ले चुका है। इसलिए अन्तर्राष्ट्रीय आर्ट आफ गीविंग की पांचवीं वर्षगांठ:2018 के अवसर पर उनके समस्त शुभ चिंतकों की ओर से कुल लगभग 10मिलियन जरुरतमंद लोगों को भोजन कराया जाएगा। उस दिन भारत के सभी नगरों एवं शहरों में कुल लगभग 3–3 लाख जरुरतमंद लोग भोजन करेंगे।विज्ञप्ति के अनुसार आनेवाले वर्षों में यह सामाजिक आंदोलन स्वेच्छापूर्वक विश्व नेत्रदान से लेकर विश्व अंगदान का रुप ले लेगा जिसका सीधा लाभ विश्व के करोड़ों करोड़ जरुरतमंद लोगों को अवश्य मिलेगा।प्राप्त जानकारी के अनुसार अन्तर्राष्ट्रीय आर्ट आफ गीविंग:2018 के भव्य एवं सफल आयोजन से संबंधित सभी तैयारियां पूरी हो चुकीं हैं।

अशोक पाण्डेय

.